# अध्याय I
# सीमाशुल्क प्राप्तियां

## 1.1 लेखापरीक्षा के परिणाम

इस प्रतिवेदन में अलग से या एक साथ मिलाकर दर्शाए गए ₹ 46.91 करोड़ के निहितार्थ राजस्व वाले 22 पैराग्राफ शामिल हैं।

हमने मार्च 2010 तक आयोजित लेखापरीक्षा के लिए 102 अन्य पैराग्राफ जारी किए थे। विभाग/मंत्रालय ने इन 102 पैराग्राफों में शामिल ₹ 32.71 करोड़ के मूल्य पर कारण बताओं ज्ञापनों को जारी करके, कारण बताओं ज्ञापनों पर निर्णय लेकर तथा ₹ 18.01 करोड़ की वसूली सूचित करके सुधारात्मक कार्रवाई पहले ही कर ली है। हमने पैरा 2.1 तथा 3.1 में यह भी सिफारिश की थी कि दो विषयों पर सरकार को स्पष्टीकरण/ संशोधन जारी करने के लिए जांच करनी चाहिए क्योंकि प्रावधान द्विअर्थी हैं तथा इसमें राजस्व की हानि का जोखिम है।

## 1.2 बजट अनुमान, संशोधित बजट अनुमान और वास्तविक प्राप्तियां

वर्ष 2005-06 से 2009-10 के दौरान सीमाशुल्क के बजट अनुमानों, संशोधित बजट अनुमानों और वास्तविक प्राप्तियों को नीचे तालिका तथा ग्राफ में दर्शाया गया हैः-


**तालिका सं. 1**

(राशि करोड़ रूपए में)

| वर्ष | बजट अनुमान | संशोधित बजट अनुमान | वास्तविक प्राप्तियां * | वास्तविक प्राप्तियों तथा बजट अनुमानों के बीच अन्तर | प्रतिशतता अन्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| 2005-06 | 53,182 | 64,215 | 65,067 | 11,885 | 22.35 |
| 2006-07 | 77,066 | 81,800 | 86,327 | 9,261 | 12.02 |
| 2007-08 | 98,770 | 1,00,766 | 1,04,119 | 5,349 | 5.42 |
| 2008-09 | 1,18,930 | 1,08,000 | 99,879 | (-) 19,051 | (-)16.02 |
| 2009-10 | 98,000 | 84,477 | 83,324 | (-)14,676 | (-)14.98 |

* आंकड़े वित्त लेखाओं के अनुसार


**ग्राफ 1 : सीमाशुल्क प्राप्तियां - बजटीय, संशोधित तथा वास्तविक**




राशि हज़ार करोड़ रुपए में

2005-06 से 2007-08 के दौरान वास्तविक प्राप्तियाँ बजटीय और संशो अनुमान दोनों से अधिक थीं। तथापि, वास्तविक संग्रहण 2008-09 तथा 2009 0 में बजटीय और संशोधित अनुमान दोनों से कम पड़ गया। इन वर्षों के दौरान त्र तथा बिजली से चलने वाली मशीनों जैसी मुख्य मदों की शुल्क दरों में कमी आः 05-06 से 2009-10 तक बजट अनुमानों की तुलना में वास्तविक प्राप्तियों व शतता भिन्नता निम्नलिखित ग्राफ में दर्शाई गई हैः-

**ग्राफ 2 : बजट अनुमानों की तुलना में वास्तविक प्राप्तियों की प्रतिशतता भिन्नता**




## 1.3 प्राप्तियों की प्रवृत्ति

कुल वर्षवार आयातों की 2005-06 से 2009-10 के दौरान संग्रहीत तद्नुरूपी निवल आयात शुल्कों के साथ एक तुलना नीचे तालिका में दिखाई गई है:-

**तलिका सं. 2**

**(राशि करोड़ रूपए में)**


| वर्ष | आयातों का मूल्य # | आयात शुल्क * | आयातों के मूल्य की प्रतिशतता के रूप में आयात शुल्क |
|---|---|---|---|
| 2005-06 | 6,60,409 | 64,201 | 9.72 |
| 2006-07 | 8,40,506 | 85,440 | 10.17 |
| 2007-08 | 10,12,312 | 1,00,635 | 9.94 |
| 2008-09 | 13,05,503 | 94,583 | 7.25 |
| 2009-10 | 13,63,736 | 80,544 | 5.91 |

स्रोत- * **निदेशालय, डाटा प्रबन्धन, नई दिल्ली**

\# **आयात निर्यात डाटा बैंक, वाणिज्यिक मंत्रालय, नई दिल्ली।**

हालांकि आयातों के मूल्य में पिछले पांच वर्षों में 107 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है तथापि तदनुरूपी आयात शुल्क 25 प्रतिशत तक बढ़ गया था।

**ग्राफ 3 : आयात के मूल्य की प्रतिशतता के रूप में आयात शुल्क**




## 1.4 प्रमुख आयात शुल्क उपार्जित करने वाले पण्य

वर्ष 2008-09 के तद्नरूपी आंकड़ों सहित वर्ष 2009-10 के दौरान प्रमुख आयात शुल्क उपार्जित करने वाले पण्य निम्नलिखित तालिका में उल्लिखित हैं:

**तलिका सं. 3**

(राशि करोड़ रूपए में)

| क्र.सं. | बजट शीर्ष सं. | पण्य | उगाहा गया आयात शुल्क | | 2008-09 की तुलना में 2009-10 में प्रतिशतता भिन्नता | संग्रहीत कुल उत्पाद शुल्क में प्रतिशतता अंश | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2008-09 | 2009-10 | | 2008-09 | 2009-10 |
| 1. | 44 | बिजली से चलने वाली मशीन | 15162 | 12777 | (-)16 | 16 | 16 |
| 2. | 41 | मशीनी औजार तथा उनके हिस्से तथा अतिरिक्त वस्तु बाल या रौल बियरिंग के अलावा मशीनें | 14593 | 12245 | (-)16 | 15 | 15 |
| 3. | 52ए | बजट शीर्ष क्रमांक 1 से 52 के अन्तर्गत अन्य समूहों में शामिल न की गई अन्य सभी वस्तुएं | 8636 | 7872 | (-)9 | 9 | 10 |
| 4. | 18 | प्लास्टिक तथा उसकी बनी चीजें | 3753 | 4430 | 18 | 4 | 6 |
| 5. | 11 | कार्बनिक रसायन | 4813 | 4153 | (-)14 | 5 | 5 |
| 6. | 46 | मोटर वाहन तथा उनके पुर्जे | 4853 | 4108 | (-)15 | 5 | 5 |
| 7. | 8 | पैट्रोल तेल तथा क्रूड़ के अलावा डामरीय खनिजों से प्राप्त तेल | 5829 | 3378 | (-)42 | 6 | 4 |
| 8. | 50 | परियोजना आयात | 2380 | 2835 | 19 | 2 | 4 |
| 9. | 9 | अन्य खनिजीय ईधंन, तेल,मोम तथा डामरीय पदार्थ | 2577 | 2625 | 2 | 3 | 3 |
| 10. | 48 | प्रकाशीय, फोटोग्राफिक्स, सिनेमेट्रोग्राफिक,औषधीय मापक तथा शल्य चिकित्सा यंत्र | 2550 | 2475 | (-)3 | 3 | 3 |
| 11. | 29 | लौह तथा अमिश्रित इस्पात | 2534 | 1981 | (-)22 | 3 | 2 |

स्रोत-निदेशालय, डाटा प्रबन्धन, नई दिल्ली

उपर्युक्त तालिका दर्शाती है कि कमोबेश प्रमुख पण्यों पर आयात शुल्क के संग्रहण में समग्र गिरावट थी। पण्य "पैट्रोल तेल तथा क्रूड़ के अलावा डामरीय खनिजों से प्राप्त तेल" ने राजस्व (पिछले वर्ष की तुलना में) की भारी गिरावट (42 प्रतिशत) दिखाई थी, जबकि लौह तथा अमिश्रित इस्पात से सीमा शुल्क राजस्व वर्ष 2009-10 के दौरान 22 प्रतिशत तक गिर गया था।

## 1.5 छोड़ा गया शुल्क

### *निर्यात संवर्धन योजनाएं*

2006-07 से 2009-10 तक की अवधि के लिए अनेक निर्यात संवर्धन योजनाओं अर्थात अग्रिम लाइसेन्स, डीईपीबी, ईपीसीजी, ईपीज़ेड, ईओयू पर छोड़े गए सीमा शुल्क का विवरण और वापसी तथा अन्य योजनाओं के अन्तर्गत शुल्क के प्रतिदाय निम्नलिखित तालिका मे दर्शाए गए हैं:-

**तालिका सं. 4**

**(राशि करोड़ रूपए में)**

| वर्ष | संग्रहीत सीमाशुल्क | अग्रिम लाइसेंस और अन्य। | ईओयू/ एसटीपी | शुल्क वापसी | ईपीसीजी | डीईपीबी | एईजेड | जोड़ (का.3 से8 तक) | सीमाशुल्क प्राप्तियों की प्रतिशतता के रूप में छोड़ा गया शुल्क (का.2की प्रतिशतता की तुलना में का.9) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 2006-07 | 86,327 | 23,596 | 10,948 | 6,057 | 9,069 | 4,789 | 1,654 | 56,133 | 65 |
| 2007-08 | 1,04,119 | 20,481 | 18,759 | 9,015 | 8,933 | 4,986 | 1,848 | 64,022 | 62 |
| 2008-09 | 99,879 | 18,403 | 13,401 | 12,116 | 7,833 | 7,092 | 2,329 | 61,174 | 61 |
| 2009-10 | 83,324 | 16,264 | 8,076 | 9,219 | 7,020 | 8,008 | 4,019 | 52,606 | 63 |

* इनमें डीएफआरसी/डीएफईसीसी/टीपीएस/वीकेयूवाई/एसएफआईएस/डीएफआईए/ एफएमएस/ फोकस उत्पाद योजनाएं शामिल हैं।

स्रोत- निदेशालय, डाटा प्रबन्धन, नई दिल्ली

## 1.6 सीमाशुल्क प्राप्तियों के संग्रहण की लागत

सीमाशुल्क प्राप्ति की प्रतिशतता के रूप में वर्ष 2009-10 के दौरान सीमाशुल्क के संग्रहण पर किया गया व्यय पिछले वर्ष में किए गए व्यय की तुलना में अधिक था जैसा कि निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है:-

**तालिका सं. 5**

**(राशि करोड़ रूपए में)**

| | 2008-09* | 2009-10* |
|---|---|---|
| **राजस्व एवं आयात/निर्यात और व्यापार नियंत्रण कार्यो पर व्यय** | 234.56 | 304.38 |
| निरोधी और अन्य कार्यों पर व्यय | 989.28 | 1217.85 |
| आरक्षित निधि, निक्षेप लेखा और अन्य व्यय को अंतरण | 11.65 | 9.83 |
| जोड़ | 1235.49 | 1532.06 |
| सीमा शुल्क प्राप्ति | 99,879 | 83,324 |
| सीमा शुल्क प्राप्तियों में से संग्रहण की लागत का प्रतिशत | 1.24 | 1.84 |

* आंकड़े वित्त लेखाओं के अनुसार

## 1.7 बकाया सीमाशुल्क

31 मार्च 2010 तक निर्धारित सीमाशुल्क की राशि, जो 31 दिसम्बर 2010 तक अभी भी उगाही जानी थी, ₹ 4,384.19 करोड़ थी।

केन्द्रीय उत्पादशुल्क एवं सीमाशुल्क बोर्ड (सीबीईसी), विवादित एवं अविवादित बकाया के ब्यौरे और अवधिवार अर्थात् पाँच वर्ष, पाँच वर्ष से अधिक, दस वर्ष से अधिक इत्यादि के ब्यौरे उपलब्ध कराने में असमर्थ था।

## 1.8 लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों का प्रभाव/अनुवर्तन

***राजस्व प्रभाव***

पिछले पांच वर्षों के प्रतिवेदनों (चालू वर्ष के प्रतिवेदन सहित), में हमने कुल ₹ 417.53 करोड़ के 711 लेखापरीक्षा पैराग्राफों को शामिल किया था। इनमें से सरकार ने ₹ 261.11 करोड़ की 608 लेखापरीक्षा आपत्तियों को स्वीकार किया था और ₹ 78.64 करोड़ की वसूली की थी विवरण निम्नलिखित तालिका में दर्शाए गए हैं।

**तालिका सं. 6**

**(राशि करोड़ रूपए में)**

| लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का वर्ष | शामिल किए गए पैराग्राफ | | स्वीकार किए गए पैराग्राफ | | | | | | प्रभारित वसूलियां | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मुद्रण से पूर्व | | मुद्रण के पश्चात | | जोड़ | | मुद्रण से पूर्व | | मुद्रण के पश्चात | | जोड़ | |
| | सं. | राशि | सं. | राशि | सं. | राशि | सं. | राशि | सं. | राशि | सं. | राशि | सं. | राशि |
| 2005-06 | 139 | 63.22 | 74 | 25.92 | 39 | 6.99 | 113 | 32.91 | 49 | 11.69 | 37 | 6.12 | 86 | 17.81 |
| 2006-07 | 133 | 121.99 | 94 | 105.18 | 22 | 7.59 | 116 | 112.77 | 57 | 7.32 | 25 | 2.31 | 82 | 9.63 |
| 2007-08 | 182 | 96.50 | 137 | 37.83 | 22 | 3.37 | 159 | 41.12 | 80 | 9.85 | 19 | 3.89 | 99 | 13.74 |
| 2008-09 | 133 | 56.20 | 101 | 33.75 | 17 | 7.85 | 118 | 41.60 | 68 | 16.54 | 15 | 2.91 | 83 | 19.45 |
| 2009-10 | 124 | 79.62 | 102 | 32.71 | लागू नहीं | | 102 | 32.71 | 63 | 18.01 | लागू नहीं | | 63 | 18.01 |
| **Total** | **711** | **417.53** | **508** | **235.39** | **100** | **25.80** | **608** | **261.11** | **317** | **63.41** | **96** | **15.23** | **413** | **78.64** |

## 1.9 की गई कार्रवाई टिप्पणियों की स्थिति

लोक लेखा समिति ने अपने नवम प्रतिवेदन (ग्यारहवीं लोक सभा) में इच्छा व्यक्त की थी कि नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदनों में सभी पैराग्राफों पर कार्रवाई टिप्पणियां (एटीएन), जिनकी लेखापरीक्षा द्वारा विधिवत जांच कर ली गई है, संसद में लेखापरीक्षा प्रतिवेदन के रखने की तिथि से चार महीनों की अवधि के अन्दर उन्हें प्रस्तुत कर दी जाएं।

2008-09 वर्ष तक से सम्बद्ध लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में सम्मिलित 14 पैराग्राफों पर की गई कार्रवाई टिप्पणियां आठ महीनों से अधिक समय से प्राप्त नहीं हुईं थी।